CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वाराणसीस्थ आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्यपीठाचार्य

जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य-रामपूर्वाचार्य

योगीन्द्र प्रवर्तित विश्राम द्वारकास्थ श्रीसीतमठ संचालित

ज.गु.श्री रामानन्दाचार्य-पीठ

सचित्र धार्मिक मासिक

संरक्षक– शेठ श्री अमरशी कुरजी मजिठिया

सम्पादक– स्वामी रामेश्वरानन्दाचार्य

सहसम्पादक– पं. शरच्चन्द्र शास्त्री

मायावादिकुतर्कजालरचितव्याख्यानसंमूर्छितां
यो व्याख्यासुधयात्रयीं भगवतीं सञ्जीवयन् राजते ।
तस्याचार्यशिरोमणेर्विजयिनो वादाह्वे श्रीमतो
रामानन्दमुनेर्वचोऽखिलजगत्क्षेमायसञ्जायताम् ॥
(जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यरघुवराचार्याः)

कार्यालयः श्रीकोसलेन्द्र मठ, सरखेज रोड, पालडी,
अहमदाबाद–३८०००७

वर्ष ५ विक्रमाब्द २०४० अंक १२

श्रीरामानन्दाब्द ६८४ १ फरवरी १९८४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पेज १६ का शेषांश)
सर्व नियन्ताको अपने हृदयका अधिदेव मानना ही सिद्ध होता है। ऐसे परमपवित्र वैष्णवों से तीर्थ भी पवित्र होते हैं।

इस भगवान् की सत्ता चराचर में व्याप्त है। अतः उस विश्वनियन्ता के अनुकूल ही उसके शेष स्वरूप इस जीवको संकल्प करना चाहिये। यह प्रथम प्रपत्ति है।

२ प्रातिकूल्य का वर्जन करना यह द्वितीय शरणागति है। इसका तात्पर्य यही है कि भगवत् प्रतिकूल जो देश, काल, कर्म और स्वभाव आदि हैं उनका वर्जन कर देना। सर्वथा सर्वदा सर्व प्राणियोंमें हिंसादि दुराचरणोंको छोड़कर भगवन्मनस्क होना।

३ भगवान् मेरा अवश्य रक्षण करेंगे, यह विश्वास रखना, यह तृतीय शरणागति है। भगवान् परमकृपालु है। और मैं उनका अनुकूल हूं। वह मेरे स्वामी है मैं उनका दास हूं। मेरी रक्षा की योग्यता सर्वेश्वर भगवान् श्रीरामजी में पूर्णतया है। अतः वह करुणालयभक्तवत्सल मेरा रक्षण अवश्य करेंगे, इस प्रकार का विश्वास तृतीय शरणागति है।

४ भगवान् को अपना रक्षकतया स्वीकार करना चतुर्थ शरणागति है।

अर्थात् भगवान् करुणासागर हैं और समस्त प्राणियों के स्वामी हैं। एवं सर्व विध सामर्थ्य रखते हैं। वह विना प्रार्थना

(शेष ट. ३ पर)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आचार्यपीठों में



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्यजी का ६८४ वीं जयन्ती सानन्द संपन्न

"रामानन्दः स्वयं रामः पादुर्भूतो महीतले"

इस आगम उक्ति के अनुसार आचार्य श्री का अवतार वि० १३५६ माघ कृष्ण सप्तमी को हुआ था। उस समय भारतकी सांस्कृतिक तथा राजनैतिक स्थिति डामाडोल थी। निरीह हिन्दुओं को बलात्—धर्म परिवर्तन कर यवन बना देना सामान्य बात थी। उस विकट परिस्थितिसे भारतीय स्वरूप का संरक्षण करना अन्य किसी साधारण व्यक्तिके बहार को बात थी। अतः सर्वेश्वर श्री रामचन्द्र जी ने अपनी प्रतिज्ञा

जब जब होई धरम कै हानि
बाढहिं विविध असुर अभिमानी।
तब तब धरि प्रभु विविध शरीरा
हरत दया निधि सज्जन पीरा॥

के अनुसार स्वयम् श्री रामानन्द के रूप में तीर्थराज प्रयाग में अवतीर्ण होकर अपनी सनातन वैदिक मर्यादाके रक्षणके साथ साथ खल दमन किया। उस समय में आचार्य श्री ने युक्ति रीति तथा नीतिसे वैदिक मर्यादाका रक्षण न किया होता तो आज पृथ्वी तल पर भारतीय संस्कृति हिन्दु, हिन्दी, तथा हिन्दुत्व इतिहासके पृष्ठमें ही रह जाता। आजके मानव को भारतीय संस्कृति के इस स्वरूपके दर्शन या अनुभव नहिं हो पाता।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विगत वर्षों की भाँति इस वर्षमें भी आचार्यश्री की जयन्ती उत्सव विशेष समारोह के साथ माघ-कृष्ण सप्तमी मंगल बार ता० २४. १. ८४ को मनाई गई। प्रातः पुरुषसूक्त आदि के विधान से आचार्य श्री का पूजन, स्तुति प्रार्थना आदि संपन्न हुई। अपराह्न में सामयिक उपदेश प्रवचनादिका आयोजन था। इन सभी कार्योंमें पश्चिमाम्नाय श्री रामानन्दाचार्य पीठ संचालित श्री रघुवर रामानंद वेदान्त महा विद्यालय के आचार्य तथा छात्रों ने सोत्साह भाग लिया।

श्रीयतिराजमङ्गलपञ्चकम्

वशिष्ठगोत्रोत्पन्नाय पुण्यसदनसूनवे ।
कान्यकुब्जावतंसाय यतिराजाय मङ्गलम् ॥१॥
शक्तिपराशरेत्यादि त्रिप्रवरयुताय च ।
शुक्लयजुः सुविज्ञाय यतिराजाय मङ्गलम् ॥२॥
माध्यान्दिनीयशाखीय वेदाध्ययनशालिने ।
शिखादक्षिणपादाय यतिराजाय मङ्गलम् ॥३॥
बोधायनीयधर्मस्य सूत्राचरणवेदिने ।
औतकात्यायनीयस्य यतिराजाय मङ्गलम् ॥४॥
प्रस्थानत्रयभाष्येण भवरोगापहारिणे ।
अनेकशिष्यशिष्याय यतिराजाय मङ्गलम् ॥५॥
श्रीरामानन्दशिष्येणानन्तानन्देन निर्मितम् ।
मङ्गलपञ्चकं भूयात् सर्वमङ्गलकारकम् ॥६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathm

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रधानाचार्य पीठ शंकुधारा, वाराणसी पश्चिमाम्नाय श्री रामानंदाचार्य पीठ, श्री शेषमठ सौराष्ट्र तथा अन्य प्रमुख श्री रामानंदीय आश्रमों में आचार्य जयन्ती उत्सव सानंद संपन्न होने का समाचार है ।

श्री विश्राम-द्वारिकाधीशजी के नवीन मंदिर का १०४ वां पाटोत्सव

पौराणिक तीर्थ भगवान श्री कृष्ण ऋषीश्वर शृंगी तथा सुदामाजी के विश्राम स्थल प्रसिद्ध तीर्थ श्री विश्राम द्वारकाधीश



जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रघुवराचार्य श्रीवेदान्तीजी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जी के नवीन मंदिर का १०४ वाँ पाटोत्सव ता. ७. २. ८४ से ता. १३. २. ८४ तक विशेष आयोजन के साथ मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष में श्री विश्राम द्वारकाधीश की शोभा यात्रा, श्रीमद्भागवत पारायण प्रवचन, एकाह श्री रामयाग आदि कार्य क्रमों का आयोजन है।

:- श्री साकेत गमनोत्सव :-

श्री रामानंद सम्प्रदाय के ३९वें आचार्य अप्रतिद्वन्दी जगद् विजयी श्री महामहोपाध्याय जगद् गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रघुवराचार्यजी का साकेत गमनोत्सव माघ शुक्ल पञ्चमी के दिन विशेष समारोह के साथ मनानेका आयोजन है प्रकृत उपलक्ष्य में विश्राम द्वारिका तीर्थ स्थान निवासी समस्त बालकों को भगवत्प्रसाद सेवन करानेकी प्रणाली है। प्रसंगोपात्त संत-महत तथा विद्वानों का भी यथोचित सत्कार उस प्रसंगमें किया जाता है। आचार्य विग्रह की वैदिक विधानानुसार पूजन प्रार्थना, प्रासंगिक प्रवचनादि की विशेष व्यवस्था रहती है।

आचार्य जयन्ती

श्री राम नंद संप्रदाय के २४ वें आचार्य अप्रति द्वन्द माहवे वाली उक्ति को अक्षरम शास्त्र और शस्त्र दोनोमें चरितार्थ करनेवाले अनुभवानन्दाचार्य नामक श्री रामानन्दाचार्यपीठ के संस्थापकाचार्य जगद्गुरु श्री अनुभवानन्दाचार्यजी की जयन्ती माघ शुक्ल पंचमी ता. ७-२-८४ को विशेष आयोजन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

-CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के साथ पश्चिमाम्नाय श्री रामानन्दाचार्य पीठ श्री शेषमठ शींगडामें मनायी जा रही है। जिसकी तैयारी विश्रामद्वारका तीर्थ निवासी श्री गोपाल सत्संग मंडल के सदस्येां के द्वारा की जा रही है।

—: मोतियाबिंद का सफल ओपरेशन :—

अनन्त श्री विभूषित जगद् गुरु श्री रामानदाचार्य रामप्रपन्नाचार्यजी योगीन्द्र के दक्षिण नेत्रमें मोतिया बिन्द का ओपरेशन आवश्यक था। अनेक सहृदय भाविक सेवकों की इच्छा थी कि अहमदाबाद में ओपरेशन हो। इसी उद्देश्य से पश्चिमाम्नाय श्री रामानंदाचार्य पीठ श्रीशेषमठ के मेनेजर श्री अमरशी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यराजत्रप-
न्नाचार्य श्रीयोगीराजजी

कुरजी मजिठीया के साथ दि. ६-१२-८३ को काशी के लिए कार द्वारा प्रस्थान किया।

दि० ८-१२-८३, को आचार्य श्री का दर्शन आचार्य पीठ वाराणसी में किया। चर्चा-विचारणा के परिणाम स्वरूप यह निश्चित हुआ कि आचार्य पीठ में ही चिकित्सा की जाय, क्योंकि आचार्य श्री ने अहमदाबाद जाकर चिकित्सा कराने की अनिच्छा व्यक्त की अतः वाराणसी के आंख, कान, नाक, गला के चिकित्सामें विशेषख्यात नाम डॉ ऐस. पी. श्रीवास्तव जी का संपर्क

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

साधकर दि. १३-१२-८३ मंगलवार का मोतियाबिंद का ओपरेशन किया गया। डां. श्रीवास्तवजी अत्यन्त सरल स्वभाववाले मिलनसार और कुशल चिकित्सक हैं। आप प्रायः पारमार्थिक कार्य ही किया करते हैं।

आपने आचार्य श्री की चिकित्सा बडे ही मनोयोग तथा उत्साह के साथ की उस प्रसंग में लगने वाली समस्त दवायें भी उन्होने अपने तरफ से लगवाई। अतः ऐसे परम अर्थ परायण डां० श्री श्रीवास्तव जी का अनेक धन्यवाद। आचार्य श्रीका मोतिया बिंद का ओपरेशन अति सफल रहा। अतः आचार्य श्री की सर्वेश्वर श्री सीतारामजी से यही दिव्य कामना है कि डां० श्री श्रीवास्तवजीको श्री की अभिवृद्धि दिन-दूनी रात-चौगूनी हुआ करे

ध्यान दें? आचार्यश्री की अहमदाबाद आनेकी संभावना थी अतः अनेक संपर्क या दर्शनाभिलाषी व्यक्ति आचार्य पीठ अहमदाबाद में संपर्क स्थापित करते है। उन्हे चाहिए कि आचार्य श्री का संपर्क आचार्यपीठ शंकुधारा वाराणसी में ही स्थापित करें।

विधिका विचित्र विधान या कर्म फल भोग?

यह पूर्वमें चर्चित है कि आचार्य श्री के चिकित्सा के प्रसंग में मैं वाराणसी गया था, पर स्वतः प्रबल अस्वस्थ हो गया। दि० १३,१४ तथा १५-१२-८३ के दिन यमदूतों के साथ संघर्ष करते हुये व्यतित किया। काशी के कितने ही अभिभावकों की इच्छा थी कि काशी में ही शल्यक्रिया की जाय पर हमारी

National Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इच्छा नहीं थी। अतः श्री रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित दवाखाना के कुशल चिकित्सक डां० श्री वर्माजी से प्राथमिक उपचार करवाकर अहमदाबाद तक पहूँचने का साधन (नली) की व्यवस्था करवाकर दि० २१-१२-८३ के रात्रि को आचार्य पीठ अहमदाबाद में आ पहूँचा। दि० २२ को यहाँ के विशेषज्ञों से संपर्क स्थापित कर चर्चा करनेपर विशेषज्ञों का मत हुआ कि शल्यक्रिया आवश्यक हैं। अतः दि. २४-१२-८३ शनिवार को शल्यक्रिया करवाई गई। अहमदाबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक श्री आर. एम. शाह के निर्देशन में प्रसिद्ध सर्जन डां श्री मनोज शाह के नीजा होस्पिटल में सफलता पूर्वक ओपरेशन हुआ। दि. २-१-८४ को रुग्णालय से अवकाश प्राप्तकरके आचार्य पीठ में आया हूं। अब धीरे-धीरे शरीर स्वस्थ होता जा रहा हैं सूचिका प्रयोग (इन्जेकशन) तथा गोली आदीको उपचार सतत चालू है। विशेषज्ञों की अनुमति है कि दो-तीन महिना तक आराम करे बौद्धिक तथा शारीरिक श्रमों से दूर रहे।

मेरे रुग्णालय के आवाश कालमें रात दिवस सर्वदा रहकर सेवा करनेवाले श्रीअमरसिंह सोलंकी (मोडासर) तथा श्रीअशोक कुमार व्यास धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होने अपने समस्त कार्यों को छोडकर मेरी सेवा की। शल्य क्रिया के दिन वहाँ उपस्थित श्री लक्ष्मशंकर भट्ट शेठ श्री रघुनाथ बावचन्द तन्ना तथा उनके परिवार के सदस्य, श्री जयन्तिभाई दवे श्री

Nepal Sanskrit University, Bahumukhi Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हीराभाई प्रभृत्ति सद्गृहस्थों को अनेकधन्यवाद । सत्संग मंडल की श्रीमं गुबहेन प्रभृति माताओं को विशेष धन्यवाद जिन्होंने मानसिक सहानुभूति के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान की ।

श्री मती कमला बहेन पण्ड्या तथा श्रीमती रेणुका बहेन शास्त्री तथा श्रीमती मीरा बहेन तथा श्रीमती ज्योत्स्ना बहेन प्रवृति बहेनों को भी अनेक धन्यवाद, जिन्होने आर्थिक सहायता के साथ अनेक प्रकारकी सहायता पहुंचाई । श्री रघुवर रामानन्द वेदान्त महाविद्यालय के अन्तेवासी श्री विदुरप्रसाद शर्मा श्री कुलशेखर शर्मा तथा अन्य छात्रों ने जिस किसी भी रूपमें हमे सहायता पहुंचाई उन्हे अनेक धन्यवाद ।

आचार्यपीठ के स्नातक मानार्ह अध्यापक निःस्वार्थ सेवाभावि शास्त्री श्री शरच्चन्द्रजी को अनेकानेक धन्यवाद । जिन्होने अपने समस्त कार्यक्रमों को छोड कर मेरे उपचार के लिए कोई भी कसर नहीं छोडा ।

आचार्यपीठ द्वारा संचालित श्री योगेश्वर धर्मादा औषधालय के निःस्वार्थ सेवाभावी कुशल चिकित्सक डॉ. भरतभाई भडियादरा तथा डॉ. संदीपभाई दवे धन्यवाद के पात्र हैं जो रात दिन कभी भी आवश्यकतानुसार सेवा में उपस्थित हो जाते रहे ।

मेरे अस्वस्थता के समाचार सुनकर अनेक आचार्य सन्त महन्त विरक्त सद्गृहस्थ सज्जन भाई बहेन वगेरे जो कोई भी

Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

औषधालय में अथवा आचार्यपीठ में कुशलता जाननेके लिए आते–जाते रहे है या अनेक विध पत्र लिखे हैं उन सभी सहृदय बन्धुओं को अनेकानेक धन्यवाद । अन्त में सर्वेश्वर श्री सीतारामजी से यही मंगल कामना करता हूँ कि प्रत्यक्ष या परोक्ष में मेरी इस रुग्णावस्था में जिस किसी भी प्रकार की सहानुभूति, सहायता या कोई भी प्रकार की मंगल कामना प्रगट की हों उन सभी व्यक्तियों को श्री संपन्न करदें ।



पश्चिमाम्नाय श्रीरामानन्दाचार्यपीठाधीश्वर
स्वामीरामेश्वरानन्दाचार्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्रमागत—अं. ११ पे. ७ से आगे

ईश्वरस्त्वहमेवात्र सर्वेशस्तु सनातनः
सर्वव्याप्तावबोधात्मा ह्यानंदाकारसंयुतः ॥५॥
अनन्तः सगुणः साक्षी शास्ता सर्वस्य धारकः ।
स्वाधीनसर्वव्यापारः श्री भू लीलाधिपः प्रभुः ।६।
दिव्यलावण्यसौन्दर्यसंयुक्तः शुभविग्रहः ।
एतज् ज्ञात्वा जनाः सर्वे प्रयान्ति परमं पदम् ॥७॥

सर्वेश्वर भगवान् श्री नारदजीसे कहते है कि इस ईश्वर परामर्शमें तो सर्वेश्वर मैं ही हूं अर्थात् सबका ईश्वर प्रेरकधारक सत्ता प्रदाता मुझको छोडकर कोई दूसरा नहीं है कुछ कुछ अशों के ईश्वर जहाँ तहाँ और भी हो सकते हैं पर सबका ईश्वर मैं ही हूं क्योंकि मैं सनातन सर्वेश्वर हूं ।

अर्थात् बीच बीच में कोई थोडे से भागके प्रेरक मालिक और भी हो सकते हैं । पर सनातन सब दिनसे अद्यावधि सबका ईश्वर प्रेरक नियन्ता मै ही हूं । मैं सर्व व्यापक हूं और नित्य सिद्ध सर्व प्रकाशन जो अववोध अर्थात ज्ञान तदरूप हूं तथा आनन्दमय आकार कर, पाद, मुखोदरादि से संयुक्त हूं और मैं अनन्त हूं और मेरे गुण स्वरूप नाम लीला आदि का अन्त नहीं है अतः मैं अनन्त हूँ और सगुण अर्थात ऐश्वर्य

Nepal Sanskrit University, Bamdeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection. Digitized by eGangotri.Funding: MoE

धैर्य स्थैर्य माधुर्यादि दिव्य अनवधिक निरतिशय असंख्येय गुण मेरेमें हैं और सबका साक्षी हूं । अर्थात् समस्त कर्म तथा अन्य व्यापारों में प्रवृत चेतनोंके सर्व कर्मोंका द्रष्टा मैं ही हूँ और शास्ता सबके शासन करनेवाला सूर्यादि ब्रह्मादि सब मेरे आज्ञामें चलते हैं ।

सर्वस्य धारकः चिदचिन्मय यावत् प्रपंच है जो कि अनेक ब्रह्माण्ड अनेक रचना से युक्त हैं । उन सवों का धारक सत्ता प्रदाता मैं ही हूँ । और स्वाधीन सर्वव्यापार ईश्वर का सब व्यापार अपनें ही आधीन है । तात्पर्य यह है कि हमसे अतिरिक्त जितने ब्रह्मादि देव हैं वा अन्य चेतन हैं वे सब अपने अपने कर्मों के परतंत्र है उनका स्वरूपसत्ता प्रवृत्ति ईश्वराधीन है इसीसे वे स्वाधीन व्यापारवाले नहीं कहे जाते हैं ईश्वर उन सभीसे विलक्षण है, अतः उसका सर्व-व्यापार अपने ही आधीन है, भाव मैं स्वतंत्र हूँ और सब परतंत्र हैं तथा श्री भूलीलाधिपः श्री शक्ति भू शक्ति लीला शक्ति इन सवों का भी अधिप अर्थात् अधिकृत्य पालन कर्ता मैं हूँ तात्पर्य यह है कि श्री देवीजी सर्व शक्तियों की प्रेरिका हैं, और सब ऐश्वर्य स्थिर है तथा भू देवी सब की सत्ता प्रदात्री है अर्थात् सबकी सत्ता इन्हीं के अधिन है इसी तरह लीला शक्ति भी सर्व व्यापारों की प्रवर्त्तिका हैं अर्थात् सर्व-देव शिरोमणि ब्रह्मरुद्रइन्द्रादि इनके व्यापार की सत्ता भी

Nepal Sanskrit University, Balmiki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लीला देवीजी के आधीन है इस प्रकार की श्री भू लीला ये दिव्य शक्ति सब जगत की प्रेरिका हैं उनका भी मालिक प्रेरक मैं ही हूँ, क्योंकि प्रभु सबको अपनी सत्ता के भीतर प्रेरणा से रखने वाला हूँ और दिव्य लावण्य सौंदर्य्य संयुक्त शुभ विग्रहवाला मैं हूँ अर्थात् मेरा विग्रह दिव्य है प्राकृतगन्ध से रहित है और जैसे मोती का तरलपना है वैसे ही सर्वाङ्ग में दर्शन करनेवालों को क्षण क्षणमें नवीन नवीन शोभा दिखानेवाला तरलपनां प्रयुक्त तथा सौन्दर्य सर्वसुन्दरता का समावेश जिसमें हो उसे सौन्दर्य कहते हैं मेरे विग्रह के समान सौंदर्य्य किसी में नहीं है उस दिव्यलावण्य सौन्दर्य्य सहित शुभ विग्रहवाला मैं हूँ एक वार चिन्तवन करने वालों के सर्व अशुभो का नाशक सर्व शुभास्पद मेरा विग्रह है इससे नित्य विग्रहवान् अपनेको सूचित किया । श्री रामजी कहते हैं कि इस तरहसे चित् अचित् ईश्वर इन तीनों तत्वोंको जान करके अर्थात् इन तीनों तत्वोंके यथार्थज्ञान होने से सब चेतन परमपदके अधिकारी हो सकते हैं । तात्पर्य यह है कि माया का स्वरूप आत्मा का स्वरूप और ईश्वर का स्वरूप जानने से ही सभी जीव परमपद को प्राप्त हो सकते हैं इससे ज्ञान को मुक्ति का कारण लिखा वह इन्हीं तत्वों का ज्ञान जानना चाहिए इन्हीं तीन तत्वों के ज्ञान से जीव संसार से छूट कर परमपद

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

का अधिकारी होता है, इस ईश्वर तत्व को भी पूज्य आचार्य्यों ने पंचधा कहा है एक पर जो कि विरजा पार परमपद में नित्यमुक्त जीवों के भोग्य भूत होकर सदा आनंदमयी लीला को करते है दूसरे व्यूह जो सृष्टि के उत्पत्ति पालन संहारार्थ चार रूप होकर आमोद प्रमोदादि लोकों में रहकर संसारतंत्र का निर्वाह करते हैं तीसरे विभव अर्थात् अवतार वे जीवों के कल्याणार्थ नाना देशो में नाना जाति में प्रगट होकर भक्तों का रक्षण करते हुये कल्याणमयी लीलाको करते हैं अवतारोमें भी पूर्ण, अंश, कला, आवेश इत्यादि चार भेद होते हैं चौथा अंतर्यामी जो सर्व चेतनाचेतन के भीतर रहकर सवव्यवहार के प्रर्वत्तक हो सब के सत्ता का निर्वाहकर रहते हैं अन्तर्यामी प्रभु भी सदेह निर्देह भेद से दो प्रकार कहे जाते हैं जो अनुरागी प्रेमी भक्त है वे उन्हे सदा रूपवान् समझते हैं और जो रूप रहित निरीह निष्कल सर्वव्यापक मात्र ही मानते हैं उनके हृदय में भगवान् ज्ञानानन्द मात्ररूप से विराजते हैं ।

"इति तत्वत्रयं समाप्तम्"



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संसृतिचक्र और तत्परिहारोपाय

ले० नित्यपार्षद जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य रघुवराचार्य जी

क्रमागत अ० ११ टा० ३ से आगे

राज नहीं लिये जा सकते। 'यमयतीति यमः' अर्थात् जो नियमन करे उसे यम कहते हैं। नियमनकर्ता समस्त प्राणियोंका एक परमात्मा ही है। वैवस्वत शब्द भी विवस्वान् (सूर्य) के अपत्य का बोधक यहां नहीं है। किन्तु 'तस्येदम्' इस पाणिनीयसूत्र से, सम्बन्ध में अण् प्रत्यय होने के कारण विवस्वत् (सूर्य) के बिम्बवर्ती परमात्मा का बोधक है। सनत्कुमार संहिता में भी "आदित्य मण्डल मध्यस्थं रामं सीता समन्वितम्". इस वचन से श्रीसीता संयुक्त श्रीराम भगवान् की स्थिति वर्णित की है। इस प्रकार हृदयगुहानिवासी देवके साथ अविवाद होना चाहिये। वह अविवाद है उनके चरणकमलों में अपनेको अर्पण कर देना। समस्त शास्त्रों का इसी अर्थमें शुद्ध तात्पर्य है। महर्षि शौनक भी यही कहते है कि जो 'नियामक स्वरूप से नियाम्यभूत जीव समुदाय के हृदयमें भगवान् है' इस वास्तविक सिद्धान्त को न जानकर अन्यथा ही आत्म स्वरूपको मान बैठा है और उसी प्रकार दूसरेको उपदेश भी करता है। उस आत्मचोर पुरुषने क्या पाप नहीं किया। अर्थात् वह समस्त पापोंका आश्रय बन चुका हैं। इत्यादि अनेक आर्षवचनों से

(शेष टा. २ पर)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सैनिकेषु निवसन् सान्द्रानुबद्धातसीसच्छायः साकेत पृथ्वीपतिः मे हृदि कुतुकम् करोति । ८९॥

यवों के अग्रभाग में शोभमान कणिशों के समूह के समान पिशङ्ग वर्णवाले सुग्रीवके साथ और यथासमय प्रगट हुई कर्णिकार फूल की कलिका के समान गौरवर्ण वाले लक्ष्मणजी के साथ वन्दर सैनिकोंमें निवास करते हुए सान्द्र अनुबद्ध अलसी के समान श्यामवर्ण वाले साकेत को पृथ्वी के स्वामी मेरे हृदय में कुतूहल कर रहे हैं ॥८९॥

संनद्धद्भटकोटिकौणपपुरीसंदर्शने कौतुका
दारूढेन सुवेलशैलशिखरं श्यामाम्बुवाहश्रिया ॥
चापं वासवचापचारुदधता शाखामृगानीकिनी
संबाधान्तिकभूमिना हृतमिव स्वान्तं मम स्वामिना ।९०॥

अन्वयः— संनद्धद्भटकोटिकौणपपुरीसंदर्शने कौतुकात् सुवेलशैलशिखरम् आरूढेन श्यामाम्बुवाहश्रिया वासवचापचारु-चापम् दधता शाखामृगानीकिनो संबाधान्तिकभूमिना स्वामिना मम स्वान्तम् हृतम् इव ॥९०।

संनद्ध यानी तैयार होतेहुए कडोरों सैनिक वाली राक्षसपुरी के यानी लङ्का के देखने के निमित्त कुतूहल से सुवेल पर्वत की चोटी पर चढे हुए श्यामवर्ण मेघ के समान श्यामवर्ण वाले इन्द्रधनुष के समान सुन्दर चापका धारण करते हुए

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बन्दरों की सेना के डेरे के नजदीक की भूमि में विराजमान स्वामी श्रीरामजी से मेरा मन हरण किया हुआ सा लगता है। अर्थात् उक्त शोभावाले श्रीरामजीने मेरा मन अपहृत है ॥९०॥

आरूढभ्रुकुटीविटङ्कनिटिलामारक्तनेत्राम्बुजां
गाढोन्नद्धजटाभरां कपिचमूकल्याणदानोन्मुखीम् ।
बाणानुत्सृजतीं रणे निशिचरप्राणापहारक्षमां
लीलां कामपि चिन्तयामि मनसा नीलाम्बुदश्यामलाम् ९१

अन्वयः— आरूढभ्रुकुटीविटङ्कनिटिलाम् आरक्तनेत्राम्बुजाम् गाढोन्नद्धजटाभराम् कपिचमूकल्याणदानोन्मूखीम् रणे बाणान् उत्सृजतीम् निशिचरप्राणापहारक्षमाम् नीलाम्बुदश्यामलाम् काम् अपि लीलाम् मनसा चिन्तयामि ॥९१॥

चढ़ी हुई भ्रुकुटी रूप विटङ्कसे युक्त मस्तकवाली खूब लाल आंख रूप कमलवाली ऊपर दृढ़ता से बंधे हुए जटा जूट वाली बन्दरकी सेना को अपनो कल्याण देनेमें तत्पर युद्धमें शरों को छोडती हुई राक्षसों के प्राणके नाशमें समर्थ काले बादल के समान श्यामवर्णवाली श्रीराम की कोई अनिर्वचनीय लीलाको मन से स्मरण किया करता हूँ ॥९१॥

प्रसर्पदनुपप्लवप्लवगसैनिकप्रेक्षण-
क्षणप्रहृतनैर्ऋतद्रुतगृहीतधूतायुधे ।
रणे पटुरणद्गुणप्रहितबाणबाणासन-
प्रसन्नकरपुष्करे रघुवरे विरूढं मनः॥९२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रसर्पदनुपप्लवप्लवगसैनिक प्रेक्षणक्षण प्रहृतनैर्ऋतद्रुतगृहीतधूता-युधे रणे पटुरणद्गुणप्रहितबाणबाणासनप्रसन्नकरपुष्करे रघुवरे मनः विरूढम् ॥९२॥

चलते हुए उपद्रवरहित वन्दर सैनिकों के देखनेके समय में मार खाये हुए राक्षसों से प्रथम जल्दी से लेते हुए पीछे घुमाए हुए अस्त्र वाले युद्ध में खूब शब्दाय मान डोरी से फेके हुए शरवाले धनुष में खूब सटे हुए हाथ रूप कमल वाले रघुवर श्रीरामजी में मेरा मन विरूढ यानी लगा हुआ है ॥९२॥

बाणच्छिन्नविकीर्णरावणशिरः श्रेणीधुरीणीकृते
घोरे संगरचत्वरे क्रतुभुजां यः प्रीतये तत्वरे ।
तस्या तस्यसितश्रियः श्रितजनश्रेयस्कृतो धन्विनः
स्मारं स्मारमये क्षिपेम समये दुर्वारसर्वापदः ॥९३॥

अन्वयः— यः क्रतुभुजाम् प्रीतये बाणच्छिन्नविकर्णरावण-शिरः श्रेणीधुरीणीकृते घोरे संगरचत्वरे तस्य अतस्यसित-श्रियः श्रितजनश्रेयस्कृतः धन्विनः स्मारं स्मारम् अये समये दुर्वारसर्वापदः क्षिपेम ॥९३॥

जो देवों की प्रसन्नताके लिये पहले शरोंसे कटी हुई पीछे विखरी हुई रावणके मस्तकोंकी पंक्ति में अग्रेसर किये हुए भयानक रणाङ्गण में शीघ्र चल पडे उन अलसी पुष्प

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के सदृश श्यामवर्ण वाले शरणागतजनों के कल्याण करने वाले धनुर्धारी को वार वार याद कर अये! प्रियजन हम समयपर कष्टसे हटाने योग्य सभी आपत्तियोंको दूर फेकेंगे ॥९३॥

नाराचेन समं निशाचरचमूवाराशिकुम्भीभुवा
प्रावृण्मेघ मुहूर्त्तलाञ्छनधनुः प्रख्यं दधानो धनुः।
लङ्कातङ्क निदानवानरभट व्रातानपेक्षान्तिको
वीरः कोऽपि विकर्षतीव हृदयं विष्वक्प्रचारप्रियम् ॥९४॥

अन्वयः— निशाचरचमूवाराशिकुम्भीभुवा नाराचेन समम् प्रावृण्मेघमुहूर्त्तलाञ्छनधनुः प्रख्यम् धनुः दधानः लङ्कातङ्कनिदान वानरभटव्रातानपेक्षान्तिकः कः अपि वीरः विष्वक्प्रचारप्रियम् हृदयम् विकर्षति इव ॥९४॥

राक्षसोंकी सेना रूप समुद्रके विषय में अगस्ति रूप तथा बाणके साथ वर्षाकाल के बादलमें दो घडी चिह्न वाले धनुष के समान धनुषके धारण करनेवाले और लङ्का के आतङ्कके यानी भयके आदिकारण वानर भटों के समूह की अपेक्षा नहीं करनेवाले खूब विचरण शील कोई अनिर्वचनीय वीर मेरे हृदय को अपनी ओर हठात् खैंचते हैं ॥९५॥

सालग्राम इवार्कमण्डल इव क्षीराम्बुराशाविव
श्रीवैकुण्ठ इवागमाञ्चल इव प्राचेतसोक्ताविव।
निर्व्याजेन कृपाभरेण नितरां निधूर्य मोहांहसी
काङ्क्षत्येष ककुत्स्थवंशतिलकः कर्तुं पदं मे हृदि ॥९५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एषः ककुत्स्थवंशतिलकः सालग्रामे इव अर्कमण्डले इव क्षीराम्बुराशौ इव श्रीवैकुण्ठे इव आगमाञ्चले इव प्राचेतसोक्तौ इव मे हृदि निर्व्याजेन कृपाभरेण मोहांहसी नितराम् निर्धूय पदम् कर्तुम् काङ्क्षति ॥९५॥

ये ककुत्स्थमहाराजके कुलमें श्रेष्ठ श्रीरामजी सालग्राम में, सूर्यमण्डलमें, क्षीरसागरमें श्रीवैकुण्डमें आगमाञ्चलमें तथा श्री वाल्मीकिकी उक्ति अर्थात् श्री रामायणमें जैसे अपना नियत स्थान बना रखे हैं वैसे मेरे हृदयमें निष्कपट कृपासमूह से मोह और पापोंको अतिशय दूर कर स्थान बनाने की इच्छा करते हैं ॥९५॥

निहतवति कबन्धं नीरधौ सेतुबन्धं
विहितवति विचित्रं वीक्षकाणां पवित्रम् ।
जगदुपकृतिनिष्ठे ज्याकिणाङ्कप्रकोष्ठे
मम हृदयमुदारे मज्जति क्वापि वीरे ॥ ९६ ॥

कबन्धम् निहतवति नीरधौ वीक्षकाणाम् विचित्रम् पवित्रम् सेतुबन्धम् विहितवति जगदुपकृतिनिष्ठे ज्याकिणाङ्कप्रकोष्ठे उदारे क्व अपि वीरे मम हृदयम् मज्जति ॥९६॥

कबन्धराक्षसको मारनेवाले समुद्रमें देखने योग्य विलक्षण और पवित्र सेतुबन्ध करनेवाले जगत् के उपकार में स्थित धनुष की डोरीके किणसे यानी टेले के चिह्न से युक्त कलाई

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathma

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वाले उदार अति उदार किसी अनिर्वचनीय वीर श्री रामजी में मेरा मन मग्न हो रहा है ॥९६॥

शरस्फुरदुपर्वुधक्वथितजृम्भदम्भोवह-
दूवृहत्तरतरङ्गसंकुलितकूलशैलोदरे ।
उदन्वति वितन्वत स्तुतिमवक्रिमप्रक्रमः
क्रमेत हृदि मे तरण्यभिजनप्रदीपः प्रभुः ॥९७॥

अन्वय :- शरस्फुरदुपर्वुधक्कथित जृम्भदम्भोवः दूवृहत्तर तरङ्गसंकुलित कूलशैलोदरे उदन्वति स्तुतिम् वितन्वति(सति) अवक्रिमप्रक्रमः तरण्यभिजनप्रदीपः प्रभुः मे हृदि क्रमेत ॥९७॥

वाण से विकसित होती आग से उबालित से या ी प्रगट होते हुए मेघ को अतिशय हरण और भक्षण करते हुए तरङ्गों से युक्त तुटवाले पर्वत को पेट में रखने वाले समुद्र के स्तुति करने पर सरल प्रक्रमवाले सूर्य के परिवारों में प्रदीप प्रभु मेरे हृदय में पादार्पण करेंगे ॥९७॥

जगत्त्रयपवित्रया जनितचित्रचारित्रया
महीभवकलत्रया महितभानुमत्पुत्रया ।
दयारुचिरशीलया दमिततादकाबालया
कयाऽपि घननीलया कवचितं मनो लीलया ॥ ९८ ॥

अन्वयः- जगत्त्रयपवित्रया जनित चित्र चारित्रया महीभवकलत्रया महिभानुमत्पुत्रया दयारुचिरशीलया दमिततादकाबालया घननीलया कया अपि लीलया मनः कवचितम् ॥९८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तीन भुवनको पवित्र करने वाली अद्भूतचरित करनेवाली पृथिवीसे उत्पन्न कलत्र यानी स्त्री वाली सूर्य के पुत्रकी वंशकी पूजा करनेवाली दयासे सुन्दर स्वभाव वाली ताडका राक्षसी के सुबाहु नामक पुत्रका दमन करनेवाली बादल के समान श्यामवर्णवाली कोई अनिर्वचनीय लीला ने यानी क्रीडाने मेरा मन कवचित यानी बद्ध कर लिया है ॥९८॥

निरर्गलधनुर्गुणप्रहितनिर्गलन्मार्गण-
प्रपञ्चहतवञ्चनासमरचुञ्चुनक्तञ्चरम् ।
चिरत्नमुनिरत्ननत्युचितयत्नमात्मा मम
स्मरत्ययमनत्ययं प्रभुमदित्यपत्यान्वयम् ॥९९॥

अन्वयः— मम अयम् आत्मा निरर्गलधनुर्गुणप्रहितनिरर्गलन्मार्गण प्रपञ्चहतवञ्चनासमरचुञ्चुनक्तञ्चरम् चिरत्नमुनिरत्ननत्युचितयत्नम् अनत्ययम् अदित्यपत्यान्वयम् प्रभुम् स्मरति ॥९९॥

मेरी यह आत्मा रुकावट रहित धनुष की डोरी (ज्या) से फेके हुए निकलते बाणों के समूह के कपट और युद्ध से प्रख्यात राक्षसोंको मारनेवाले प्राचीन मुनिवरोंके नमस्कारमें योग्यप्रयासवाले विनाशरहित यानी नित्य सूर्य के वंशमें उत्पन्न प्रभु को स्मरण किया करती है ॥९९॥

विभ्रत् प्रत्यवपन्नसर्वभुवनश्चःश्रेयसश्रीपुनः-
प्रत्युत्थापनविभ्रमैकरसिकौ पाण्योर्धनुःसायकौ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थान्यादेशपदाधिरोपितदशग्रीवेदमेकान्तर-
भ्रातृव्यज्जितशक्तिरस्तु हृदि मे वीराग्रणी राघवः ॥१००॥

अन्वयः— पाण्योः प्रत्यवपन्नसर्वभुवनश्वः श्रेयसश्रीपुनः प्रत्युत्थापनविभ्रमैकरसिकौ धनुःसायकौ बिभ्रत् स्थान्यादेशपदाधिरोपितदशग्रीवेदमेकान्तरभ्रातृव्यज्जितशक्तिः वीराग्रणीः राघवः मे हृदि अस्तु ॥१००॥

दोनों हाथों में आपत्तियों से युक्त सब जगह के कल्याण की लक्ष्मी के फिर उठाने में यानी शीघ्रता में प्रधान रक्षक यानी शौकीन धनुष और बाण का धारण करनेवाले रावण को मारकर उसके स्थानमें उसके एकान्तर अर्थात् कुंभकर्ण से छोटे भाई श्रीविभीषणको अपनी आज्ञा से अभिषिक्त कराकर अपनी लोकोत्तर शक्तिको प्रकट करनेवाले वीरों में अग्रेसर श्रीरामजी मेरे हृदय में रहें ॥१००॥

समीकभुवि चण्डया सरणधूतवेतण्डया
भुजाविजितशुण्डया भुजगभीमकोदण्डया ।
प्रतिद्विषमकुण्ठया प्रथमवासवैकुण्ठया
प्रविद्धदशकण्ठया प्रसृतमन्तरुत्कण्ठया ॥१०१॥

अन्वयः— समीकभुवि चण्डया सरणधूतवेतण्डया प्रतिद्विषम् अकुण्ठया प्रथमवासवैकुण्ठया प्रविद्धदशकण्ठया उत्कण्ठया अन्तः प्रसृतम् ॥१०१॥

रण की भूमिमें क्रूर गमनसे उद्दण्डको मारनेवाली शत्रुके प्रति रुकनेवाली नहीं अर्थात् सर्वदा शत्रूपर आक्रमण करनेवाली

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा जिनका आदिनिवास स्थान श्री साकेत वैकुण्ठादि हैं ऐसे रावणको मारनेवाली उत्कण्ठाने मेरे अन्तःकरणमें प्रवेश किया है ।१०१॥

प्रभूतगुणभूषणा प्रबलरक्षसां भीषणा
प्रमोदितविभीषणा प्रदरजाऽब्धिसंशोषणा ।
मखाशिषु कृतावना महदमुक्तसंसेवना
महीदुहितृसेवना मनसि भाति मे भावना ॥१०२॥

अन्वयः—प्रभूतगुणभूषणा प्रबल रक्षसाम् भीषणा प्रमोदितविभीषणा प्रदरजा अब्धिशंशोषणा मखाशिषु कृतावना महदमुक्तसंसेवना महीदुहितृसेवना भावना मे मनसि भाति ॥१०२॥

बहुत गुणरूप अलंकारवाली प्रबल राक्षसोंको डरानेवाली विभीषणको खुश कर चुकनेवाली प्रकृष्ट भयसे उत्पन्न हुई समुद्र को सुखानेवाली देवों को रक्षा करनेवाली श्री हनुमदादि नित्य भक्तों से सर्वदा सेवित तथा सर्वेश्वरी महीदुहितृ श्रीसीताजीसे अहर्निश सेविता दिव्य भावना मेरे हृदयमें प्रकाशित हो रही है ॥१०२।

दयारसधुरीणया दमिषु दत्तकल्याणया
दरीसदृशतूणया दलितरावणप्राणया ।
मलीमसविदूरया मनुकुलोदिताकारया
मनः सुकृतधारया मम हृतं महोदारया ॥१०३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः— दयारसधुरीणया दमिषु दत्तकल्याणया दरीसदृशतूणया दलितरावण प्राणया मलीमसविदूरया मनुकुलोदिताकारया महोदारया सुकृतधारया मम मनः हृतम् ॥१०३॥

दया रस में अग्रेसर इन्द्रियदमन करनेवालोमें कल्याण देनेवाली कन्दरों के समान तरकसवाली रावण के प्राण नष्ट करनेवाली पापों से अत्यन्त दूर मनु के वंशमें प्रगट आकार यानी मूर्ति वाली बडी उदार पुण्यों की धारा ने अर्थात् श्रीरामजी की कीर्ति ने मेरा मन हरण किया है ॥१०३॥

कृच्छ्रादन्तः सुरपरिषदः प्राप्य मार्गं प्रविश्य
ब्रह्मर्षीणां गणमथ चलत्कीशसंबाधखिन्नम् ।
राजन्ये मे लगति हृदयं क्वापि पृथ्वीकुमारी-
पीनोतुङ्गस्तनमकरिकालेखविद्याधुरीणे ॥१०४॥

अन्वयः— सुरपरिषदः अन्तर्मार्गम् कृच्छ्रात् प्राप्य अथ ब्रह्मर्षीणाम् चलत्कीशसंबाधखिन्नम् गणम् प्रविश्य पृथ्वीकुमारीपीनोत्तुङ्गस्तनमकरिकालेखविद्याधुरीणे क्व अपि राजन्ये मे हृदयम् लगति ॥१०४॥

देवोंकी सभाके बीच के मार्गको कष्टसे पाकर बादमें ब्रह्मर्षियों को तथा चलते हुए वन्दरों के संबाध से यानी संमर्द से अर्थात् भीड से खिन्न यानी कठीन समूह में प्रवेशकर श्रीसीताजी के स्थूल ऊंचे स्तनों में मकराकृति के लिखनेकी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विधामें यानी कलामें अग्रेसर किसी अनिर्वचनीय राजपुत्र में मेरा हृदय लगा करता है ॥१०४॥

निःशब्दस्तिमितप्लवङ्गमभटश्रेण्यन्तरालस्थली-
विक्रान्ताङ्गदहूतदर्शितविमुक्तैकैकदिक्पालकाम् ।
आस्थानीमवलोकितस्मितशिरःकम्पादिसंवाहनां
संतुष्यत्सकलामरां रघुपतेरन्तश्चिरं चिन्तये ॥ १०५ ॥

अन्वयः—रघुपतेः निःशब्दस्तिमितप्लङ्गमभटश्रेण्यन्तरालस्थलीविक्रान्ताङ्गदहूतदर्शितविमुक्तैकैकदिक्पालकाम् अवलोकितस्मितशिरः कम्पादिसंवाहनाम् संतुष्यत्सकलामराम् आस्थानीम् अन्तः चिरम् चिन्तये ॥१०५॥

श्रीरामजी को शब्द रहित निश्चल नीलादि वन्दर सैनिक समूहके बीचमें अतिपराक्रम सम्पन्न अङ्गदादि सेवकों से दिखाए गए विमुक्तजन वाली तथा वन्धन मुक्त प्रत्येक दिक्पालों से युक्त और थोडा सा शिर हाथ हिलाते हुये सेवारत सेवकों से अवलोकित तथा सम्पूर्ण ब्रह्मादि देवों को संतुष्ट करनेवाली अर्थात् अभिलषित सायुज्य मुक्ति प्रदान करने वाली दिव्यस्थली श्री साकेत धामका स्मरण सर्वदा करता हूँ ॥१०५॥

इति जगद्गुरु श्रीआशारामाचार्यशिष्यकविकुलमणि जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्यविरचिते श्रीरामकर्णरसायने जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रामप्रपन्नाचार्य योगीन्द्रशिष्य पश्चिमाम्नाय विश्रा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मद्वारकास्थ श्रीरामानन्दाचार्यपीठाधीश्वर स्वामी रामेश्वरानन्दाचार्य प्रणीते सान्वय बालबोधिनी हिन्दीटीकार्या द्वितीयोनिष्यन्दः समाप्तः

